भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2097
उत्तर देने की तारीख : गुरूवार, 16 दिसंबर, 2021
25 अग्रहायण, 1943 (शक)

बक्सर में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा

2097 श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क): क्या सरकार द्वारा धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए "रामायण परिपथ" को संचालित करने और इससे जुड़े स्थलों को विकसित करने के लिए कोई योजना कार्यान्वित की जा रही है; और
(ख): यदि हां, तो क्या सरकार का बक्सर, जहां महर्षि विश्वामित्र ने भगवान राम और लक्ष्मण को धनुविद्या की शिक्षा दी थी, के विकास के लिए कोई विशेष योजना लागू करने का विचार है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय ने जनवरी-2015 में थीम आधारित पर्यटन सर्किट के समेकित विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना आरंभ की थी। रामायण सर्किट, इस योजना के तहत चुने गए सर्किटों में से एक है। स्वदेश दर्शन योजना के "रामायण सर्किट" के तहत पर्यटन मंत्रालय द्वारा दो परियोजनाएं संस्वीकृत की गई हैं नामत: (i) चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास तथा (ii) अयोध्या का विकास।

(ख): जी, नहीं। ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।